•शुद्धता...

## कमरे में रखे पौधे



कमरे में रखे पौधे न केवल आपके घर की सुंदरता को बढ़ाते हैं बल्कि वे हवा को शुद्ध करने और आपके मूड को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कमरे में रखे पौधे खराब होने लगते हैं। अगर आपके कमरे में रखे पौधे भी मुरझा रहे हैं या स्वस्थ नहीं दिख रहे हैं, तो परेशान न हों। माली के इन सीक्रेट टिप्स को फॉलो करके आप अपने पौधों को फिर से हरा-भरा बना सकते हैं।

▶ कई लोग या तो पौधे में काफी ज्यादा पानी डाल देते हैं और या फिर पानी डालना ही भूल जाते हैं। अधिक पानी देने से जड़ें सड़ सकती हैं और कम पानी देने से पौधे मुरझा सकते हैं। ऐसे में आपको सुनिश्चित करना है तो पौधे में ज्यादा पानी ना हो। साथ ही पौधों में पानी की कमी ना हो।

▶ **धूप जरूर दिखाएं**-आपको अपने इंडोर प्लांट्स को खराब होने से बचाना है तो सप्ताह में एक बार पौधों को धूप दिखाना ना



भूलें। ऐसे में आपके घर में रखे पौधे खराब नहीं होंगे। अगर पौधों के ज्यादा धूप चाहिए तो उसे कमरे के खिड़की पर रखें।

▶ **पॉटिंग मिट्टी का इस्तेमाल**-अगर आपने अपने पौधों के लिए गलत मिट्टी का इस्तेमाल किया है तो यह आपके पौधे को खराब कर सकता है। ऐसे में आपको पॉटिंग मिट्टी का ही इस्तेमाल करना चाहिए। पॉटिंग मिट्टी की मदद से घर में मौजूद पौधे खराब नहीं होंगे। ऐसा हमारा नहीं बल्कि माली का कहना है।

▶ **खाद जरूर डालें**-पौधे लगाने के बाद आपको पौधों की केयर करना काफी ज्यादा जरूरी है। आपको समय- समय पर पौधे में खाद डालते रहना चाहिए। इससे पौधे खराब नहीं होते है। हर 4-6 हफ्तों में पौधों को खाद दें। बाजार में मिलने वाले खाद से ज्यादा बेहतर ऑर्गेनिक खाद होता है। ऐसे में आपको ऑर्गेनिक खाद का ही इस्तेमाल करना चाहिए।

•ये काम करें...

## जल्द होंगे पौधे बड़े



भागदौड़ भरी लाइफ लोग अपने पसंदीदा काम को करने के लिए समय निकाल लेते हैं। ऐसा ही कुछ गार्डनिंग का शौक रखने वाले लोगों के साथ होता है।

गार्डनिंग का शौक रखने वाले लोग थोड़ी सी जगह में भी प्लांट्स लगा लेते हैं। वहीं जिनके पास गार्डनिंग करने के लिए पर्याप्त जगह होती है वह अपने बगीचे में पौधों को लगाना पसंद करते हैं। लेकिन कई बार पौधों को खुली जगह, सही देखभाल करने के बाद भी ये सही ले ग्रोथ नहीं करते हैं। इस आर्टिकल में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी मदद से आप अपने पौधों की ग्रोथ को तेज कर सकती हैं।

अगर आप गार्डनिंग का शौक रखते हैं तो आपको पौधों की ग्रोथ कम होने की समस्या तो जरूर हुई होगी। पौधे को लगाने के बाद उसकी देखभाल करने के दौरान हम बीच-बीच में चेक करते हैं कि वह कितना बढ़ा है। लेकिन उसकी लंबाई मात्र कुछ ही बढ़ती है।

**पौधे की ग्रोथ बढ़ाने के लिए इन बातों का रखें ध्यान**

▶▶ पौधों को खरीदकर घर लाना बड़ी बात नहीं है। आप जब भी पौधों की खरीददारी करें तो उनकी क्वालिटी पर ध्यान जरूर दें।

▶▶ पौधों को लगाते समय यह जरूर समझे कि उसे लगाने के लिए कितनी जगह की जरूरत है। उचित जगह का चयन करें।

▶▶ पौधों को नर्सरी से खरीदते समय उसके बारे में कुछ अहम बातें जरूर दें जैसे उस पौधे को कितने पानी की जरूरत है, किस जगह पर रखना चाहिए इत्यादि।

▶▶ पौधों की समय-समय कटाई और छटाई करें।

▶▶ प्लांट्स को अच्छी खाद दें। पौधों में लगने वाले कीड़ों का नियंत्रण करें। कीटों से बचने के लिए पेस्टिसाइड का इस्तेमाल करें।

▶▶ बड़े कीड़े को हटाने के लिए पानी की तेज धार का इस्तेमाल करें। (लेमन पील का करें बगीचे में इस्तेमाल)

▶▶ सब्जियों, फल के पौधों को लगाने के लिए बीज और छोटे पौधों का इस्तेमाल करें।

▶▶ बीज को लगाने के बाद नमी को बरकरार रखें।

▶▶ किचन में मौजूद वेस्ट मटेरियल सब्जी, फल के छिलके से बने ऑर्गेनिक कंपोस्ट का प्रयोग करें।

▶▶ पत्तियों के पीले पड़ने पर उन्हें नाइट्रोजन युक्त खाद दें।



डबल चांदनी का पौधा आपके बगीचे की सुंदरता में चार-चांद लगाने का काम करेगा। खुशबू और अपनी खूबसूरती की वजह से अधिकतर लोग इसे अपने घर में लगाना पसंद करते हैं।

**इस पौधे को आप किसी भी मौसम में लगा सकते हैं। बस कुछ खास देखभाल जरूरत होती है। इस पौधे में सफेद रंग के सुंदर और खुशबूदार फूल आते है, जो आपके घर और बगीचे में खुशबू की बौछार कर देगा...**

# बगीचे में जरूर लगाएं ये शानदार पौधे

हर कोई चाहता है कि उनका घर पूरे दिन महकता रहे। इसके लिए लोग बाजार में मिलने वाले अलग-अलग फ्रेगनेंस वाले रूम फ्रेशनर खरीद कर लाते हैं। साथ ही घर के बाहर के हिस्से को सुंदर बनाने के लिए अधिकतर लोग बगीचे में पेड़-पौधे लगाते हैं। लेकिन बावजूद इसके गार्डन से कुछ खास महक नहीं आती है। इस लेख में आज हम आपको कुछ ऐसे सस्ते और खुशबूदार प्लांट के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गार्डन एरिया के साथ-साथ आपके घर को भी महकाएंगे।





● **पीली चमेली**-इस लिस्ट में पहला प्लांट पीली चमेली का है, जो देखने में काफी आकर्षक और सुंदर फूल देने वाला पौधा है। गुच्छे में खिलने वाले इस पौधे के फूल बेहद ही खुशबूदार होते हैं, जो बगीचे और घर दोनों को महकाने का काम करेगा। इस पौधे को बहुत अधिक पानी की जरूरत नहीं होती है। अगर आप पौधे की अच्छी ग्रोथ देखना चाहते हैं, तो इसे सन लाइट वाली जगह पर लगाएं।

● **डबल चांदनी**- डबल चांदनी का पौधा आपके बगीचे की सुंदरता में चार-चांद लगाने का काम करेगा। खुशबू और अपनी खूबसूरती की वजह से अधिकतर लोग इसे अपने घर में लगाना पसंद करते हैं। इस पौधे को आप किसी भी मौसम में लगा सकते हैं। बस कुछ खास देखभाल जरूरत होती है। इस पौधे में सफेद रंग के सुंदर और खुशबूदार फूल आते है, जो आपके घर और बगीचे में खुशबू की बौछार कर देगा। इस पौधे को साल में एक बार खाद की जरूरत पड़ती है। साथ ही समय पर पानी डालना न भूलें।

● **पारिजात**-पारिजात प्लांटको लेकर अक्सर लोगों की शिकायत रहती है, कि लाख कोशिशों के बाद भी यह पौधा मुरझा जाता है। हालांकि, आमतौर पर ऐसा तब होता है, जब पौधे में खाद और पानी सही मात्रा में नहीं डाला जाता है। बता दें कि इस पौधे में पानी उस वक्त डालें जब मिट्टी पूरी सूख जाए। नाजुक होने के कारण यह पौधा ज्यादा खाद और पानी देने से सड़ने और खराब होने लगता है। अच्छी ग्रोथ के लिए पारिजात को सितंबर के महीने में या उसके बाद बगीचे में लगाएं।


● **रातरानी**-रातरानी के फूल की महक काफी तेज होती है। खासतौर से इसकी खुशबू रात के समय बहुत ही ज्यादा होती है और सुबह के समय फूल जमीन पर गिर जाते हैं। इस पौधे को ज्यादा पानी और खाद की जरूरत नहीं होती है। इसके फूलों की खुशबू बहुत तेज होती है, जो आपके घर और गार्डन को महका देगा।

● **मधुमालती**-मधुमालती के पौधे को आप अपने बगीचे में लगा सकती हैं। यह गार्डन में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस पौधे में साल भर में केवल 2 बार खाद डालने की जरूरत पड़ेगी।

■ साभार : हेजी


•पौधों में डालें...

## कॉफी



आमतौर पर लोग कॉफी बनाने के बाद बची हुई कॉफी ग्राउंड को फेंक देते हैं, जबकि इन्हें प्लांट वाली मिट्टी में डालने से पौधा तेजी से ग्रो होने लगता है। कॉफी ग्राउंड में नाइट्रोजन, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे गुण पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व पौधों की ग्रोथ बढ़ाने में मददगार होते हैं। कॉफी ग्राइंड का इस्तेमाल कर आप लिक्विड फर्टिलाइजर भी बना सकती हैं। इसके लिए ग्राउंड कॉफी को बॉटल में 3-4 लीटर पानी लें। अब इसमें एक छोटा चम्मच कॉफी ग्राउंड पाउडर मिलाकर 3-4 दिनों के लिए स्टोर करके रख दें। तैयार होने के बाद इस लिक्विड को कपड़े की मदद से छान कर दूसरे कंटेनर में रखें। अब इस लिक्विड को पौधों में डायरेक्ट अप्लाई कर सकती हैं। पौधों को ट्रांसप्लांट करने के वाली मिट्टी को बनाने के लिए कॉफी पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए गमले में भरने वाली मिट्टी में कॉफी पाउडर मिलाएं। और उसे अच्छे से मिक्स करें। अब इस तैयार मिट्टी में प्लांट को लगा दें।

•रॉक गार्डन...



**रॉक गार्डन में सिर्फ फूल लगाने और पत्थर रख देने से रॉक गार्डन नहीं बनता है। इसके लिए अतिरिक्त घास का रोपण करना भी बहुत जरूरी है। अतिरिक्त घास आसपास की जगहों को ठंडा रखती हैं जिकसी वजह से पौधे जल्दी मरते नहीं है। एक तरह से घास सूखने के बाद पौधे की खाद के रूप में भी काम करती है। इसलिए फूल लगाने के साथ-साथ कुछ घास भी जरूर लगाएं।**